सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस नोट- दिनांक 12.07.2024

अपराध नियंत्रण की दिशा मे कार्य करते हुये इटावा पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

कब्जे से 01 अवैध तमंचा व 01 जिंदा कारतूस 315 बोर किये गये बरामद।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना जसवंतनगर पुलिस द्वारा गयी कार्यवाही।

घटना/गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-

अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं अवैध असलहा रखने/विक्रय करने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में दिनांक 11/12.06.2024 की रात्रि को थाना जसवंतनगर पुलिस थाना क्षेत्रांतर्गत भ्रमणशील थी। इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि ग्राम खेडा बुजुर्ग जाने वाले रास्ते पर 01 संदिग्ध व्यक्ति आ रहा है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये पुलिस टीम द्वारा **01 व्यक्ति को खेडा बुजुर्ग तिराहे के पास से समय 21:30** बजे गिरफ्तार किया गया।

पुलिस पूछताछः-

पकडे गये व्यक्ति की पुलिस टीम द्वारा नाम पता पूछते हुये तलाशी ली गयी तो अभियुक्त विजय कुमार उर्फ समीर पुत्र शिवराज सिंह शाक्य उर्फ मटरु के **कब्जे से 01 अवैध तमंचा,01 जिन्दा कारतूस 315 बोर** बरामद किया गया एवं कडाई से पूछताछ करने पर अभियुक्त द्वारा बताया गया कि कुछ दिन पहले इस तमंचे के साथ मेरी फोटो वायरल हो गयी थी तथा तमंचे को कहीं छिपाने के लिये जा रहा था।

उक्त गिरफ्तारी एवं बरादमगी के सम्बन्ध में थाना जसवंतनगर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 147/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है।

पंजीकृत अभियोगः-

1. मु0अ0सं0 147/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना जसवंतनगर जनपद इटावा।

गिरफ्तार अभियुक्तः-

1. विजय कुमार उर्फ समीर पुत्र शिवराज सिंह शाक्य उर्फ मटरु निवासी धनुआ जसवंतनगर जनपद इटावा **उम्र करीब 20 वर्ष** ।

आपराधिक इतिहासः-

विजय कुमार उर्फ समीर पुत्र शिवराज सिंह शाक्य उर्फ मटरु

1. मु0अ0सं0 72/24 धारा 286/33/504/506 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना जसवंतनगर जनपद इटावा।
2. मु0अ0सं0 147/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना जसवंतनगर जनपद इटावा।

बरामदगीः-

1. 01 अवैध तमंचा 315 बोर
2. 01 जिंदा कारतूस 315 बोर

पुलिस टीम –निरीक्षक श्री रामसहाय सिंह प्रभारी थाना जसवंतनगर, उ0नि0 प्रशान्त कुमार, हे0का0 बेलाल अहमद, का0 सोनप्रकाश।

नोट- अभियुक्त की गिरफ्तारी में मुख्य आरक्षी बेलाल अहमद द्वारा विशेष भूमिका निभायी गयी जिसकी सराहना करते हुये वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा भविष्य में इसी तरह कर्तव्यनिष्ठ होकर मेहनत, लगन के साथ कार्य करने के लिये प्रोत्साहित किया गया।